करेंगे सेवा हर जीवन में

करेंगे सेवा हर जीवन में, पकड़ो हाथ हमारा,
जनम जनम का साथ है,
हमारा तुम्हारा, तुम्हारा हमारा॥

जब भी जनम मिलेगा सेवा करेंगे तेरी,
करते हैं तुमसे वादा शरण रहेंगे तेरी,
हर जीवन में बनकर साथी, देना साथ हमारा,
जनम जनम का साथ है,
हमारा तुम्हारा, तुम्हारा हमारा॥

दुनियाँ बनाने वाले ये सब तेरी माया,
सूरज चाँद सितारे सब कुछ तूने बनाया,
फस ना जाऊँ मोह माया में आशीर्वाद तुम्हारा,
जनम जनम का साथ है,
हमारा तुम्हारा, तुम्हारा हमारा॥

जब से होश संभाला तब से हमने जाना,
तेरी भक्ति ना मिले जीवन व्यर्थ गवाना,
बनवारी इंसान जगत में फिरता मारा मारा,
जनम जनम का साथ है,
हमारा तुम्हारा, तुम्हारा हमारा॥

करेंगे सेवा हर जीवन में, पकड़ो हाथ हमारा,
जनम जनम का साथ है,
हमारा तुम्हारा, तुम्हारा हमारा॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24728/title/karenge-sewa-har-jivan-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |